Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding shifting of headquarters of National Board for Workers Education from Nagpur to Delhi.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : माननीय सभापति महोदय, केंद्रीय श्रम शिक्षा बोर्ड को विभिन्न सरकारी संस्थानों, संघों और कारखानों के कर्मचारियों को एक निश्चित अवधि में प्रशिक्षित करने के लिए नागपुर में स्थापित किया गया था। देश के केंद्र में स्थित नागपुर शहर के महत्व को देखते हुए तत्कालीन केंद्र सरकार ने 1958 में बोर्ड की स्थापना की थी। तबसे इसका मुख्यालय नागपुर में है। इसके कार्यालय हर राज्य में हैं और इन पर नियंत्रण नागपुर से होता है। मुख्यालय में प्रोफेसर और कर्मचारी हैं, जो उद्योग में औद्योगिक प्रबंधन और कर्मचारियों की भागीदारी और प्रशिक्षित संगठनों के प्रतिनिधियों के गठन के महत्व को सिखाते हैं। 2014 से इस मुख्यालय को दिल्ली लाने की कोशिश की जा रही है। जिनके नाम पर इस संस्था का नाम रखा गया है, यह नागपुर उन दत्तोपंत ठेंगडी जी की कर्मभूमि है, यह अन्याय कारक है। यहां कार्यरत कर्मचारी और अधिकारियों ने इसका विरोध किया है। महोदय, नागपुर की इस महत्वपूर्ण संस्था को स्थानांतरित करने से उद्योग जगत को नुकसान होगा। अत: आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि दत्तोपंत ठेंगडी श्रमिक शिक्षा मंडल का मुख्यालय नागपुर से दिल्ली में स्थानांतरित करने पर पुनर्विचार करे और इस मुख्यालय को नागपुर में रहने देने के लिए उचित कदम उठाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kaushlendra Kumar – not present.

Shri Anubhav Mohanty – not present.